**Patrika (Indore), 11th September 2019, *Patrika Plus*, Page-14**



IIT INDORE...

# यंग आर्टिस्ट ने अपनी परफॉर्मेंस से जीता फ्यूचर इंजीनियर्स का दिल


## डांस और म्यूजिक शो में शहर के युवा कलाकारों की प्रस्तुतियां

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर◆ आइआइटी इंदौर में इंदौरी आर्टिस्ट द्वारा आयोजित म्यूजिक और डांस इवेंट में शहर के युवा कलाकारों ने अपनी रॉकिंग पर्फार्मेंस से फ्यूचर इंजीनियर्स का दिल जीत लिया।

शहर की युवा सिंगर हिना खान ने लेटेस्ट गाने पेश किए तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। इसके बाद वेद पंड्या ने अपनी स्पेशल कॉमेडी पोएट्री और सिंगिंग में श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। हिप हॉप में एसडीआर और डेजी की टीम ने परफॉर्म किया और डांस में निश्छल काला और आंचल ने रंग जमाया। सिंगिंग में विशाल, आभास, आदेश, अहाना और राहुल ने दर्शकों के दिलों में अपनी अलग ही पहचान बनाई।







**गली-मोहल्ले में छिपा है टैलेंट, बस प्लेटफॉर्म चाहिए :** इंदौरी आर्टिस्ट के फाउंडर प्रबल जैन ने कहा, देश के गली-मोहल्लों में बहुत टैलेंट छिपा है। बस उसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम शहर के युवा कलाकारों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्लेटफॉर्म दे रहे हैं ताकि वे स्वर्णिम भविष्य बना सकें। उन्होंने कहा, स्टूडेंट भले ही आइआइटी में पढ़ें या आइआइएम में

### कॅरियर व पैसा हावी

जैन ने कहा : आज जिस तरह से कॅरियर की ग्रोथ और पैसा हम पर हावी है, हम अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को दबाकर बड़े पैकेजों के पीछे दौड़ रहे हैं। बेहतर शिक्षा और कॅरियर के साथ हमें अपनी प्रतिभाओं को भी पहचान कर निखारना चाहिए, क्योंकि यह हमारे जीवन में खुशी और संतुष्टि का भाव देता है। हमारी यह प्रतिभाएं हमें कॅरियर में भी आगे बढ़ने में मदद करती हैं और समाज में एक अलग पहचान दिलाती हैं।

हर स्टूडेंट कला की दृष्टि से भी खास होता है। कोई अच्छा गायक होता है, कोई अच्छा डांसर हो सकता है तो कोई अच्छा पेंटर या वक्ता बन सकता है।